कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/

क्रमांक / व्यापम / परीक्षा / एफ–20 / 2024 / 1912 रायपुर, दिनांक 09/09/24

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के अंतर्गत सहायक मार्शल पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा आयोजन के सम्बंध में विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालक, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय का पत्र क्रमांक 9671 / वि.स. / स्था / 2024 / रायपुर, दिनांक 01.08.2024, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा का अर्द्ध शास. पत्र क्र. / 9944 / अ.वि.स. / रायपुर, दिनांक 13.08.2024 एवं संचालक, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय का पत्र क्रमांक 10467 / विस / स्था / 2024 / रायपुर, दिनांक 27.08.2024 द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सहायक मार्शल पद हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 06.10.2024 को पूर्वान्ह में किया जायेगा ।

सहायक मार्शल के पद हेतु छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा किये गये थे व विभागीय शारीरिक नाप–जोख एवं दक्षता परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छ.ग. व्यापम वेबसाइट के लिंक में जाकर पंजीयन करना आवश्यक होगा तथा परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा ।

व्यापम पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा, जिस अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाइट में पंजीयन नहीं किया जायेगा उन्हें संचालक, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा से वंचित माना जायेगा व जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी के स्वयं की होगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे । अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में जमा किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी ।

लिखित परीक्षा हेतु समय सारिणी निम्नानुसार है –

1.	व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की प्रारंभिक तिथि	–	**09.09.2024 (सोमवार)**
2.	व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन व परीक्षा जिला चयन की अंतिम तिथि	–	22.09.2024 (रविवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3.	व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि	–	30.09.2024 (सोमवार)
4.	परीक्षा की तिथि (संभावित)	–	**06 अक्टूबर 2024 (रविवार)**
5.	परीक्षा का समय : 2:30 घंटे का	–	पूर्वान्ह 10:00 से 12:45 बजे तक
6.	परीक्षा केन्द्र :	–	**रायपुर**

नियंत्रक

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल

रायपुर

क्रमशः

पृ.क्र./व्यापम/परीक्षा/एफ–20/2024 1913 रायपुर, दिनांक 09/09/24

प्रतिलिपि–

1. संचालक, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, जीरो पाईंट, बलौदा बाजार रोड, रायपुर, (छ.ग.) को सूचनार्थ सादर प्रेषित। ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी, (चिप्स) स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित ।
3. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक –ए, ग्राउण्ड फ्लोर, अटल नगर, नवा रायपुर, जिला –रायपुर, (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं उक्तानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित ।
4. वित्त अधिकारी, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
5. सहायक नियंत्रक, स्कैनिंग, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
6. सहायक नियंत्रक, परीक्षा, व्यापम, रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
7. प्रधान संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र– कृपया उक्त विज्ञप्ति को परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर